हरियाणा सरकार

नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग

अधिसूचना

दिनांक 14 जनवरी, 2005

संख्या सां.सां.पी. (एन.सी.आर.)/वाइ.सी.ए.-1/2005/36.— पंजाब अनुसचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का अधिनियम 41), की धारा 5 की उपधारा (4) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा पंजाब राजपत्र दिनांक 28 मई, 1965 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 477-2 टी.सी.पी./65/6852, दिनांक 6 मार्च, 1965 द्वारा 1965 में यमुनानगर की पश्चिमी नगरपालिका सीमा के बाहर घोषित नियन्त्रित क्षेत्र के लिए हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या 1695-2 टी. सी. पी. -66/29992, दिनांक 8 दिसम्बर, 1966 द्वारा प्रकाशित अन्तिम विकास योजना उपांतरित करते हुए तथा हरियाणा राजपत्र दिनांक प्रथम जुलाई, 1997 में प्रकाशित हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या सी. सी. पी/जे. सी. ए.-1/97/468, दिनांक 29 मई, 1997 द्वारा यमुनानगर-जगाधरी नगरपालिका के नगर के चारों ओर घोषित अतिरिक्त नियन्त्रित क्षेत्र के लिए इसके अन्तर्गत आने वाले नियन्त्रित क्षेत्र को लागू किए जाने वाले प्रस्तावित निबन्धनों तथा शर्तो (अनुबन्ध क तथा ख में दिए गए) सहित प्रारूप विकास योजना प्रकाशित करते हैं ;

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से तीस दिन की अवधि की समाप्ति पर अथवा उसके पश्चात्, सरकार, प्रारूप विकास योजना पर, ऐसे आक्षेपों अथवा सुझावों सहित, यदि कोई हो, जो निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, द्वारा सैक्टर 18 चण्डीगढ़ इस योजना के सम्बन्ध में लिखित रूप में किसी व्यक्ति से इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व प्राप्त किये जाएं, विचार करेगी ।

ड्राईंग

1. विद्यमान भूमि उपयोग योजना ड्राईंग संख्या डी. टी. पी. (वाई) 97/98, दिनांक 27 जुलाई, 1998.
2. प्रारूप विकास योजना ड्राईंग संख्या 152/2003, दिनांक 10 जुलाई, 2003.

अनुबन्ध - क

यमुनानगर-जगाधरी नियंत्रित क्षेत्र के लिएप्रारूप विकास योजना, पर व्याख्यात्क टिप्पणी

1. परिचय

यमुनानगर, फरीदाबाद के बाद हरियाणा का दुसरा बड़ा शहरी केन्द्र है। 1991 की जनगणना में यह एक शहरी एगलोमरेशन (यू.ए) के रूप में माना गया है जो कि तीन भिन्न शहरों का उपनिवेश अर्थात जगाधरी, जगाधरी वर्कशाप और यमुनानगर बना है ।

जगाधरी एक महत्वपूर्ण एतिहासिक शहर है इसका पुराना नाम गंगाधरी था। यद्यपि नादिर शाह ने इस शहर को पूर्णतः नष्ट कर दिया था, परन्तु सिक्ख काल में यह बुरिया के राय सिंह के द्वारा जीत लिया गया था और 1873 में दोबारा निर्मित किया गया था, यह सहज रूप से प्रतिकात्मक रूप से विकसित होने वाला सकुंचित, तंग गलियों तथा उप-गलियों वाला शहर है । इस शहर की नगर पालिका समिति बहुत पहले वर्ष 1882 में स्थापित की गई थी। यह शहर पीतल तथा स्टील के बर्तनों के लिये प्रसिद्ध है।

जगाधरी वर्कशाप मुख्यतः रेलगाड़ी तथा मालगाड़ी के डिब्बों की मुरम्मत करने के लिये प्रादेशिक स्तर की रेलवे वर्कशाप है।

यमुनानगर इस शहरी समुदाय का तीसरा शहर जो कि वर्ष 1942 में जब अधिसूचित समीति स्थापित की गई थी, अब्दुल्लापुर के नाम से शहर बना। इस शहर की वर्ष 1947 में **यमुनानगर** के रूप में पुनः नाम दिया गया था । विभाजन के बाद इसकी जनसंख्या बड़ी तेजी से बढ़ी । आज यह राज्य के प्रमुख औधोगिक शहरों में से एक है।

2 स्थिति तथा प्रादेशिक स्थापन

शहरी केन्द्र 30°.7' से 30°.12' उत्तरी आक्षांश तथा 24°.15' से 77°.18' पूर्वी देशान्तर पर समुद्र तल से 278 मीटर की उंचाई पर अम्बाला -सहारनपुर रोड पर स्थित है जो कि हिमाचल प्रदेश के लिये उत्तर से ओर उत्तरप्रदेश के लिये पूर्व से मुख्य द्वार का काम करता है यह इसके आस पास के प्रदेशों से राष्ट्रीय राजमार्ग तथा राज्य उच्चमार्गों के तन्त्र के माध्यम से जुड़ा हुआ है । पंचकूला-साहा-यमुनानगर-सहारनपुर रोड जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 73 है और यमुनानगर-लाडवा-पीपली-कुरुक्षेत्र रोड, जगाधरी-बिलासपुर-सढ़ौरा-नारायणगढ़-बरवाला रोड और जगाधरी-छछरौली-पॉवटा साहिब रोड आदि तीन राज्य उच्चमार्ग इस शहर से गुजर रहे हैं । इस शहरी केन्द्र को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ते है जो कि लगभग 205 किलोमीटर दूर है, राज्य की राजधानी लगभग 112 किलोमीटर दूर है और आसपास के क्षेत्र अर्थात अम्बाला, पंचकूला, पॉवटा साहिब, कुरुक्षेत्र, सहारनपुर आदि सभी अन्य महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है । अम्बाला-सहारनपुर रेलवे लाईन एक महत्वपूर्ण लिंक है जो कि यमुनानगर के दक्षिण की तरफ से गुजर रही है और दोनों शहरों को आसपास के क्षेत्र के अन्य सभी मुख्य शहरों से जोड़ती है। सड़को का यह जाल इस शहर की भौतिक स्थिति के प्रतिकूल होने के बावजूद भी इसकी औधोगिक प्रगति में सहायक हैं । इन रास्तके बावजूद भी यह शहर अपनी पूर्व पृष्ठभूमि से पुरी तरह जुड़ा है।

3 भौगोलिक स्थितिः

यमुनानगर-जगाधरी का पूर्वी किनारा पश्चिमी यमुना नहर द्वारा घिरा हुआ है और इससे आगे स्वयं यमुना नदी द्वारा घिरा हुआ है । यह नहर शहर को यमुना नदी से आने वाली बाढ़ के प्रकोप से सुरक्षा का काम करती है। नगर की सामान्य स्थलाकृति समतल उत्तर पूर्व से दक्षिण पश्चिम की ओर हल्का सा ढलानदार है। यहाँ का उप सतह जल स्तर औसतन 12 मीटर है जिसकी पी.एच गुणवत्ता 6.5 से 7 तक श्रेणी की है जो कि फसलों तथा पीने के प्रयोजनों के लिये बहुत अच्छा है। यहाँ की भूमि/ मिटटी की रचना रेतली है जो कि फसलों के लिये उच्च गुणों वाली मिटटी मानी गई है। यहाँ वर्षा का स्तर औसतन 1105 मिली मीटर है। शहर का इतिहास लगभग बाढ़ से मुक्त है ।

4 अवसंरचना की उपलब्धता:

i) उपयोगिताएं:

शहर की विधुत आपूर्ति एक अतयन्त कार्यशील ग्रिड सिस्टम की मदद से की जाती है जिसमें दो 220 किलोवाट ग्रिड केन्द्र तथा पांच 66 किलोवाट उप विधुत केन्द्र आते हैं । एक 220 किलोवाट ग्रिड विधुत केन्द्र बहुत जल्द शुरू होने जा रहा है जिससे विधुत उपभोक्ताओं को थोड़ी सी राहत मिलेगी । अभी तक भी विधुत की कमी महसूस की जा रही है जो कि 750 मैगावाट की क्षमता वाले थर्मल पावर प्रोजैक्ट का कार्य पूरा होने पर पूरी की जाने की सम्भावना है जिसके लिये यमुनानगर शहर के साथ ही 1132 एकड़ भूमि अर्जित की गई हैं।

केन्द्र के लिये जल आपूर्ति का कार्य जन स्वास्थय विभाग की देख रेख में चलता है जिसके लिये 16 गहरे टयूबवैल जगाधरी में और 50 गहरे टयूबवैल यमुनानगर में इस जरूरत को पूरा करने के लिये कार्य कर रहें हैं । जल आपूर्ति प्रति कैपिटा प्रति दिन 34 गैलन है जबकि जल आवश्यकता प्रति कैपिटा प्रति दिन 40 गैलन है । इस प्रकार जल आपूर्ति कार्य में तुरन्त वृद्धि की जरूरत है।

जगाधरी का 50 प्रतिशत क्षेत्र और यमुनानगर का 60 प्रतिशत क्षेत्र भूमिगत मलवहन प्रणाली से युक्त है। चांदपुर, जगाधरी एवं यमुना गली में तीन पम्पिंग स्टेशन कार्य कर रहे हैं । घरेलू मल को दो मल अभिक्रिया सन्यत्रों से संसाधित किया जाता है। इन सयंत्रो को यमुना कार्य योजना के अधीन स्थापित किया गया है। ये सयंत्र जिनमें से एक गांव-बाडी माजरा के समीप स्थित है, जिसकी निस्सारण क्षमता 10 मिली लीटर प्रति दिन है और दूसरा जो गांव हमीदा के नजदीक है जिसकी निस्सारण क्षमता 25 मिली लीटर प्रति दिन है। यह संयत्र साथ साथ सन 2015 तक की संभावित जनसंख्या की मलवहन की क्षमता के लिये पर्याप्त हैं । संसाधित मल को पशिचमी यमुना नहर में निस्सारण किया जाता है ।

शहर में सिवाय कुछ नालों के जोकि प्राकृतिक ढलान के अनुसार बह रहे हैं, भंभा मल से निपटान के लिये कोई योजनाबद्व प्रणाली विकसित नहीं की गई है। इनमें से कई नाले लोगों द्वारा निर्मित संरचनाओं के कारण बाधित हो गये हैं, जिसके परिणामस्वरुप आजकल शहर मे पानी के अलग-थलग खडढों में पानी एकत्रित होता हैं। सुयोजनाबद भंभा पानी मल निपटान प्रणाली की इस शहर समूह के लिए तुरन्त आवश्यकता है ।

औधोगिक इकाईयों से उम्मीद की जाती है, कि वे अपने मलबे को नालों मे निस्सारण करने से पहले अपने अभिक्रिया सयंत्र लगाएं। उसके बाद इस संसाधित निस्सारी को पश्चिमी यमुना नहर मे निस्सारित किया जाए। औधोगिक इकाईयों द्वारा निस्सारी के लिए एक समेकित निस्सारी अभिक्रिया योजना बनाना आवश्यक हैं।

चार दुरभाष केन्द्र यमुना नगर में और एक जगाधरी में मौजूदा स्थिति में कार्य कर रहे हैं यहाँ तक कि भारत संचार निगम लि0 द्वारा 35,500 कनैक्शनस दिये जा चुके हैं ।

ii) सामाजिक अवसंरचना

इसमें शिक्षा, स्वास्थय, मनोरंजन एवं सामुदायिक सुविधाएं शामिल हैं प्रबल मानकों के अनुसार केवल शहरी समूह के लिये ही पर्याप्त नहीं है किन्तु आस पास के क्षेत्रों के लिये भी, इन सुविधाओं की उपलब्धता अर्थात नीचे तालिकाबद्ध किए गए प्रबलै मानकों के अनुसार आवश्यक हैं:-

(क) शिक्षा

शहर में मौजूदा शिक्षा सुविधाएं पूर्ण तथा पर्याप्त हैं । यहाँ पर एक इंजीनियरिंग महाविधालय, एक दन्त महाविधालय, एक पॉलीटैक्निक, तीन औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान और छह महाविधालय हैं । इनके अलावा भी शहर में बहुत से गौरवशाली प्राथमिक तथा उच्च विद्यालय स्तर के संस्थान हैं।

(ख) स्वास्थय

मौजदा स्वास्थ्य सुविधाएं वर्तमान जनसंख्या के लिये पर्याप्त हैं । दोनों शहरों की जरूरतों को पूरा करने के लिये यहाँ पर चार हस्पताल है।

(ग) मनोरंजन

शहर केन्द्र के निवासियों के लिये लगभग 64 एकड़ भूमि में फैला पूरी तरह से सुसज्जित एक खेल कम्पलैक्स तथा तीन मुख्य नगर पालिका पार्क मनोरजन स्थल के लिये उपलब्ध हैं जो कि मनोरंजन योजना के लिये पर्याप्त हैं। इसके अतिरिक्त दो-तीन सितारा होटल और एक राज्य द्वारा संचालित पर्यटन केन्द्र पांच सिनेमा घरों के साथ मिल कर जनसंख्या के दिन प्रतिदिन के मनोरंजन की जरूरतों को पूरा करने के लिये भी कार्य कर रहे हैं।

5 शहरों का आर्थिक आधार:

जगाधरी शहर उपजाऊ कृषि सम्बन्धी पृष्ठ प्रदेश की आवश्यकता पूरी करने में स्थित होने के कारण प्राथमिक तौर पर एक बाजार की सुविधा देता है तथा आसपास के क्षेत्रों के लिये सेवा केन्द्र हैं। जो सेवाएं यह प्रदान करता है वह अनाज मण्डी तथा क्षेत्र के अन्य कृषि संम्बंधी उत्पादो के लिए है । कृषि संबन्धी निवेश के लिए फुटकर बाजार, घरेलू उपभोग की वस्तुएं तथा कृषि औजारों की मुरम्मत आदि के लिये उधोग सेवाएं उपलब्ध है।

यमुनानगर शहर में निर्माण एवं औद्योगिक प्रक्रिया मुख्य आर्थिक गतिविधियां हैं। जगाधरी वर्कशाप का क्षेत्र भी पूर्ण रूप से शहरी केन्द्र के आर्थिक आधार में अपना हिस्सा अदा करता हैं। शहर की नौ बड़ी औद्योगिक ईकाइयों में से तीन का नाम मुख्य तौर पर शहरी केन्द्र की आर्थिक प्रगति के बारे प्रर्दशित करना आवश्यक है अर्थात बल्लारपुर पेपर मिल, हरियाणा डिस्टलरी, और सरस्वती शुगर मिल। इनके अतिरिक्त ऑटो स्पेयर पार्टस और शुगर मिल के लिये भारी मशीनरी बनाने के आनुषंगिक उद्योग तथा औद्योगिक क्षेत्र में कई अन्य छोटी ईकाइयां तथा संपदा इन शहरों की आर्थिक प्रगति का आधार हैं जो कि श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं। औद्योगिक गतिविधियों ने पिछले दो दषकों के दौरान मुख्य तौर पर प्रगति की है।

धातू भंडार तथा प्लाईवुड निर्माण अग्रणी औद्योगिक ईकाइयां हैं जो कि छोटी तथा मध्यम स्तर की ईकाइयों में निहित हैं जैसे कि कागज, चीनी, एलकोहल, स्टार्च, प्रमुख इन्जिनियरिंग उत्पाद और ऑटो सप्रिंग आदि शहर में उन्नति कर रही बड़ी स्तर की औद्यागिक ईकाइयों के मुख्य उत्पाद हैं।

1991 की जनगणना के अनुसार, श्रमिकों की कुल संख्या 63,604 थी जो कि कुल जनसंख्या का 24.60 प्रतिशत हैं। आर्थिक क्षेत्र के प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में क्रमशः 2,293, 25,466 और 35,845 श्रमिक नियुक्त किये गये थे जो कि कुल श्रमिकों का क्रमशः 3.65 प्रतिशत, 40 प्रतिशत तथा 56.35 प्रतिशत था । 1991-2001 के दशक की उपलब्ध जनगणना के आकड़ें दर्शाते हैं कि कुल श्रमिक 1,01,764 हैं जो कि इस शहरी कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत है जिसमें पिछले दशक की अपेक्षा 60 प्रतिशत वृद्धि हुई है ।

6 जनसांख्यकी

पिछले दशकों में तेजी से हुए शहरी विकास के कारण ये दोनों शहर तथा जगाधरी वर्कशाप काफी बढ़ कर बड़े शहरों के आकार के हो गये। जनगणना 2001 के अनुसार इस शहरी केन्द्र जो कि यमुनानगर, जगाधरी एवं जगाधरी वर्कशाप से बना है की कुल जनसंख्या 2,99,413 है । तथापि इसमें नगरपरिषद की सीमा के बाहर शहरी केन्द्र के साथ लगते कासेंपुर, फरकपुर और सरौली नामक तीन कस्बों की जनसंख्या के विशाल समूह को शामिल करने के लिये इस जनगणना के आकड़ों को संशोधित करने की आवश्यकता है । ये कस्बे यमुनानगर शहर का हिस्सा बने हुए हैं क्योंकि इन कस्बों की जनसंख्या यमुनानगर शहर द्वारा प्रदान की गई जनसुविधाओं पर निर्भर है इसलिये इन कस्बों की जनसंख्या को दशक की कुल जनसंख्या में जोड़े जाने की जरूरत है । इस प्रकार इस शहरी केन्द्र की वास्तविक जनसंख्या 3,38,887 हैं । दशक अनुसार जनसंख्या वृद्धि निम्न प्रकार है :-

तालिका-1

दशकानुसार जनसंख्या वृद्धि (1961-2001)

वर्ष	जनसंख्या	प्रतिशतता	
1961	84,337	--	
1971	1,15,020	36.38	
1981	1,60,424	39.47	प्रक्षेपित
1991	2,58,500	61.13	
2001	3,38,887	31.20	
2011	4,74,450	40.00	
2021	6,87,950	45.00	

उपरोक्त तालिका दशक 1981-1991 में अचानक होने वाली जनसंख्या वृद्धि को दर्शाती है जब 1981 में जनसंख्या 1,60,424 से 1991 में 2,50,500 तक पहुँच कर अगले दशकों की तुलना में एक उच्चस्तरीय वृद्धि 61.13 प्रतिशत पर पहुँच जाती है। यह आतंकवाद के समय में पंजाब से बड़े पैमाने पर प्रवास करने वाले लोगों की वजह से हुआ है इसके बाद बढोत्तरी दर 31.20% की बढोत्तरी दर्शाती है । किन्तु उच्च बढोत्तरी दर को ध्यान में रखते हुए, व्यापक प्रक्षेप उच्चत्तर पहलू पर धारण किए गए हैं। आकड़ों के अनुसार जनसंख्या वृद्धि पिछले दशक की अपेक्षा घटी है । जनसंख्या वद्धि का औसत पिछले चार दशकों में 42 प्रतिशत निकला है ।

7 विद्यमान परिवहन नेटवर्क

यह शहरी केन्द्र इसके अन्दर से गुजरने वाले चार राज्यमार्गों द्वारा इस क्षेत्र को सभी प्रमुख कस्बों तथा शहरों से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त यह अपनी पृष्ठभुमि से पूरी तरह जुड़ा हुआ है । अम्बाला -सहारनपुर-दिल्ली रेलवे लाईन इस शहरी केन्द्र को उत्तरी भारत के प्रमुख रेलवे जंक्शनों से जोड़ती है अर्थात दिल्ली तथा अम्बाला छावनी जहाँ से कोई भी देश के महत्वपूर्ण भागों में जा सकता है। इस लिंक कड़ी ने यमुनानगर को राज्य का एक प्रमुख औधोगिक शहर बनने में मदद की है । जो सड़क यमुनानगर तथा जगाधरी को जोड़ती है रेलवे स्टेशन रोड के नाम से भी जानी जाती है, जिस पर प्रमुख वाणिज्य गतिविधियाँ स्थित हैं तथा वर्कशाप रोड पर यमुनानगर तथा जगाधरी वर्कशाप को सभी प्रमुख वाणिज्य गलियों को जोडती हैं। बल्लारपुर कागज मिल तथा यमुनानगर औद्योगिक क्षेत्र वर्कशाप रोड पर स्थित हैं।

शहरों के बीच से गुजरने वाला पंचकूला-जगाधरी-यमुनानगर-सहारनपुर (राष्ट्रीय राजमार्ग 73) एक मुख्य मार्ग की भांति कार्य कर रहा है । यह न केवल इन शहरों से आरम्भ होने वाले तथा गन्तव्य से बाहर के भारी यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिये है बल्कि यह राष्ट्रीय यातायात में भी सहायक है । सैक्टर 17 में लघु सचिवालय तथा न्यायिक परिसर की स्थापना के साथ ही इसकी स्थिति और भी बदत्तर हो गई है।

8 नियंत्रित क्षेत्र घोषित करने की जरूरत:

प्रारम्भिक तौर पर जो क्षेत्र यमुनानगर की पश्चिमी नगरपालिका सीमा के तुरन्त समीप लगता था को 1965 में पंजाब सरकार, राजपत्र दिनांक 28 मई, 1965 में प्रदर्शित अधिसूचना संख्या 447-2टी.सी.पी.-65/6852 दिनांक 6 मार्च 1965 के द्वारा नियंत्रित क्षेत्र घाषित किया गया था । आकस्मिक तौर पर बढ़ रही जनसंख्या वृद्धि जो कि उस समय मुख्यत: रेलवे वर्कशाप की दिशा में बेढंग रूप से बढ़ना शुरू कर चुकी थी, पर रोक लगाने के लिय नियंत्रित क्षेत्र घोषित करना अतयंत आवश्यक हो गयो था । इस नियंत्रित क्षेत्र की विकास योजना 1966 में अधिसूचना संख्या 1695-2 टी. सी. पी. -66/29992 दिनांक 8-12-1966 द्वारा प्रकाशित की गई थी। यह विकास योजना 1961 एक आधार वर्ष में 30 वर्ष के कार्यकाल के लिये बनाई गई थी। जनसंख्या 2.69 लाख प्रक्षेपित की गई थी । इस विकास योजना मे उपबंधित कुल नगरीय क्षेत्र लगभग 1293 एकड़ था । जिसमें से लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र रिहायशी उददेश्य के लिये अंकित कर दिया गया था।

शहर की मौजूदा स्थिति के अवलोकन से पता चलता है कि वर्ष 1991 में यह शहर 2,58,500 की जनसंख्या वाला है जिसमें यमुनानगर-जगाधरी वर्कशॉप, (5,579) की जनसंख्या वाला कस्बा फरकपुर, (9,981) की जनसंख्या वाला कस्बा ससौली व (4,066) जनसंख्या वाला कस्बा कांसेपुर भी शामिल है जो शहरी जनसंख्या में पहले से ही विलीन कर दिये गये हैं । शहर का भौतिक विकास कांसेपुर, ससौली और फरकपुर गॉवों के चारो तरफ हुआ जहॉ इसका फैलाव परिदृश्य योजना के समय ही पूर्वानुमान लगा लिया गया था, परन्तु दुर्भाग्यवश किसी प्राधिकारी की अनुपस्थिति में इस क्षेत्र का विकास अनियोजित ढंग से होता रहा। प्रस्तावित विकास योजना के अनुसार बनाई गयी स्थानीय विकास योजनाओं के अन्तर्गत शहर की जरूरत के अनुसार इसका नियोजित विकास हो सकता है ।

शहरी केन्द्र की पिछली तत्काल तीव्र विकास की स्थिति को देखते हुए, यमुनानगर तथा जगाधरी के चारों तरफ यमुनानगर तथा जगाधरी अतिरिक्त नियन्त्रित क्षेत्र के नाम से नियन्त्रित क्षेत्र घोषित किया गया है जो कि हरियाणा सरकार राजपत्र दिनांक 1 जुलाई 1997 में अधिसूचना संख्या सी.सी.पी./जे.सी.ए./1/9/7/468 दिनांक 29 मई 1997 द्वारा प्रकाशित किया गया है। शहर की मौजूदा भौतिक, सामाजिक, और आर्थिक स्थितियों को देखत हुए यह विकास योजना, 2021 ई0 तक के 21 वर्ष के समय के विकास योजना प्रस्तावों को लागू करने के लिये एक प्रयास हैं ।

9 प्रस्तावनाएं

क) प्रतिबन्ध/सीमाएं तथा संभावनाएं

शुरु में शहर ने दो प्रथक-प्रथक शहरों जगाधरी तथा यमुनानगर के नाम से प्रगति की और एक गोलाकार नमूने के तौर पर फैलाव किया। जगाधरी शहर का विकास 1900 के शुरू में काफी तेजी से हुआ था । परन्तु विभाजन के पश्चात यमुनानगर के विकास में भी तीव्रता आ गई थी । मॉडल टाऊन, प्रेम नगर तथा थापर कॉलोनी इस समय के विकास थे । दोनो शहर ने एक दूसरे के साथ मिलकर के विकास किया, और वास्तविक तौर पर शहरी केन्द्र दिखने लगा। एक बार इन दोनों शहरों के बीच का क्षेत्र पूरा भर गया, पहले 60 वर्षों में इसके प्राकृतिक विकास का झुकाव पश्चिम की दिशा में वर्कशाप रोड़ की तरफ चला गया। जहॉ पर जगाधरी वर्कशाप और यमुनानगर के बीच सस्ती जमीन के बड़े टुकड़े उपलब्ध थे । यमुनानगर और जगाधरी वर्कशाप के मध्य बाकि शहर की तुलना में तत्काल काफी उन्नति हुई, और इस क्षेत्र मे हुई अकारिमक बढौतरी के कारण इस क्षेत्र मे स्थित घनी आबादी वाले इलाको मे गन्दगी का फैलाव हुआ । इस सड़क के साथ सिवाय इस क्षेत्र मे रहने वाले लोगों के रहन सहन के विकास के, किसी भी अन्य योजना को कार्य रूप देना लगभग असभंव हो गया। रेलवे स्टेशन सड़क रोड़ और पुरानी सहारनपुर सड़क के पश्चिम दिशा में पश्चिमी यमुना नहर के होने के कारण इसका फैलाव नही हो सका।

विकास योजना जो पहले 1970 मे प्रारम्भ हुई इम्प्रुवमैंट ट्रस्ट कालोनी और हाउसिंग बोर्ड कालोनीयों के रुप मे भी विकसित हुई। यहॉ पर कुछ छोटी कालोनीयां भी हैं जैसे 1971 में शास्त्री कालोनी 1973 मे सरोजनी कालोनी तथा 1974-75 मे पुरानी हाउसिंग बोर्ड कालोनी का निर्माण हुआ। वर्तमान योजना के अर्न्तगत यमुनानगर और जगाधरी शहर के बीच खाली जगह पड़ी थी इसमें हुडा द्वारा विकसित सैक्टर 17, 18 और 15 भी शामिल हैं तथा कृषि, मार्कीटिंग बोर्ड द्वारा अनाज मंड़ी का विकास किया गया। इस भूमि का बहुत बड़ा हिस्सा प्रदूषण रहित, बिना बाढ़ग्रस्त, तथा नाजायज निर्माण से रहित है। अम्बाला-जगाधरी सड़क (एन एच-73) और जगाधरी, यमुनानगर रोड़ (बाई पास सड़क) बिना बाधा के इन सड़कों मे आपस मे संपर्क स्थापित हैं। इस प्रकार इस क्षेत्र को पर्यावरण के अनुरुप इस योजना में स्थापित किया गया है। योजना अनुसार विकास दिशाओं के अनुरुप भी हिदायत देने की कोशिश की गई है। अम्बाला-सहारनपुर रेलवे लाईन यमुनानगर शहर के दक्षिणपश्चिम दिशा से गुजरती हैं। सपष्टत: रेलवे लाईन के आगे इस शहर के फैलाव में एक अवरोध के रुप मे प्रकट हुई है। तथापि दो मुख्य औधोगिक ईकाइयों अर्थात सरस्वती शुगर मिल तथा इंडियन शुगर तथा जनरल इन्जिनियरिग कम्पनी की स्थापना ने इसका स्वरूप ही बदल दिया। इसके अलावा दो मुख्य सड़के जिनके नाम यमुनानगर सहारनपुर रोड़ और यमुनानगर पिपली रोड़ ने यमुनानगर शहर से दक्षिण-पश्चिम दिशा में रेलवे लाईन से आगे होने वाले स्वैच्छिक विकास को भी संवेग प्रदान किया है। यहॉ के रिहायशी क्षेत्र भी इन औधोगिक इकाईयों में काम करने वाले श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाए गये है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार आसाम में प्लाईवुड उद्योग प्रतिबन्द लग जाने के बाद यमुनानगर

मुख्य तौर पर देश का प्रमुख प्लाईवुड बनाने के केन्द्र के रूप में उभरा। इसके बाद शहर में सैकड़ों प्लाईवुड तथा अन्य सहायक उपकरण बनाने वाली ईकाईयां आ गई । इनमें से अधिकांश ईकाईयां इस क्षेत्र को बाजार से अच्छी तरह जोड़ने के लिये गलियारों के साथ तथा नजदीक बनाई गई हैं। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इन गलियारों का संभव तथा भरपूर लाभ उठाने के लिये उपयुक्त प्रस्ताव बनाए गये हैं।

हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम ने जगाधरी के उतरपूर्वी तरफ जगाधरी-छछरौली रोड़ पर एक औधोगिक सम्पदा का विकास किया है यह सम्पदा शुरू में जगाधरी शहर के रिहायशी परिसरों में काम कर रही पीतल तथा स्टील के बर्तन बनाने वाली औधोगिक इकाईयों को आपूर्ति भूमि प्रदान करने हेतु बनाया गया था। इसके अतिरिक्त अपने आप में भी शहर बहुत सघन जनसंख्या वाला है । तुरन्त असघनता करने की आवश्यकता है । इस शहर में एक इंजीनियरिंग महाविधालय भी कार्यरत है। इन सभी तथ्यों के मध्यनजर यह सामने आया है कि यह शहर इस तरफ विकसित होगा चाहे धीमे हो। इस तरफ मुख्य तौर पर रिहायशी अंचल प्रस्तावित किये गये हैं।

ख) जनसंख्या प्रक्षेपण

तालिका 3 में यथा वर्णित शहरी केन्द्र की जनसंख्या दशक 2001-2011 तथा 2011-2021 के दौरान क्रमशः 40% प्रतिशत तथा 45% की दर पर बढोत्तरी प्रक्षेपित की गई है। इस प्रकार शहर की जनसंख्या 2011 ई0 में 4,74,450 तथा 2021 ई0 में 6,87,950 तक पहूँच जाएगी। प्रक्षेपित जनसंख्या पिछले दशक में पंजीकृत की गई वृद्वि दर 31.20 प्रतिशत की तुलना में उच्चत्तर प्रतीत होती है । यह उल्लेखनीय है कि पिछले दशक की जनसंख्या के आकड़े अभी तक कोई वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं क्योंकि लोग काफी मात्रा में नगर परिषद की सीमा से बाहर रह रहें हैं। अगर यह जनसंख्या 1991-2001 दशक की जनसंख्या के आकड़ों में मिला दी जाती है तो इन शहरों की जनसंख्या 3,60,000 के करीब होगी। शहर की आर्थिक रूपरेखा यह साफ साफ दर्शाती है कि यह न केवल राज्य के भीतर से बल्कि अन्य राज्यों के दूर दराज के क्षेत्रों से भी प्रवसन को आर्कषित करेगी। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आने वाले दशकों 2001-2011 और 2011-2021 के लिये मध्यम वृद्वि दर 40 प्रतिशत तथा 45 प्रतिशत ही सामने आई है। इसलिये यह प्रारूप विकास योजना 2021 ई0 तक की संभावित जनसंख्या 6,87,950 के लिये बनायी गयी है।

10 भूमि उपयोग प्रस्ताव

इस योजना का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शहरों की आकस्मिक तथा अलग थलग होने वाली वृद्वि से बचाना है तथा इन्हे साथ साथ एकत्रित कर एक ठोस तथा उचित ढंग से नियोजित शहर में परिवर्तित करना है। जनसंख्या की हो रही वृद्वि के अनुसार लगभग 3,50,000 की अतिरिक्त जनसंख्या 2021 ई तक समायोजित की जानी है । जैसे कि वर्तमान शहरों के अभी तक कुछ भाग बहुत ही भींड़ भाड़ वाले हैं 2021 ई0 के लिये प्रस्तावों की कुल प्रस्तावित सकल सघनता शहर के लिये 100 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर की कुल सकल सघनता को पूरा करने के लिये, कम रखा गया है। तत्पश्चात 7 लाख की अनुमानित जनसंख्या को संजोने के लिये लगभग 6,870 हैक्टेयर की भूमि की आवश्यकता होगी। वर्तमान शहर लगभग 1915 हैक्टेयर के क्षेत्र समाविष्ट है जो कि 3.5 लाख की जनसंख्या को संजोये हुए है, शेष 3.5 लाख की जनसंख्या को संजोने के लिये 4488.6 हैक्टेयर का एक क्षेत्र 2021 तक की योजना के लिये प्रस्तावित किया गया है प्रस्तावित भूमि उपयोग का वर्णन निम्न प्रकार से है:-

प्रस्तावित भूमि उपयोग

तालिका 2

उपयोग का नाम	नगर परिषद की सीमा के अन्दर	नियन्त्रित क्षेत्र के अन्दर	कुल क्षेत्र	कुल नगरीय बनाने योग्य क्षेत्र की प्रतिशतता
रिहायशी	1483	1587	3070	49.7
वाणिज्यिक	64.6	235.4	300	5
औधोगिक	.....	1506	1506	24.4
परिवहन तथा संचार	102	258	360	5.8
जन उपयोगिताएं	.....	122	122	2
सार्वजनिक और अर्धसार्वजनिक	26.50	323.5	350	5.6
खुले स्थान	19.3	456.7	476	7.5
कुल नगरीय बनाने योग्य क्षेत्र	1695.4	4488.6	6184	100.0

टिप्पणी :-सभी क्षेत्र हैक्टेयर में हैं

11 भूमि उपयोगों का संक्षिप्त विवरण

(I) रिहायशी

अभी तक जगाधरी और यमुनानगर के वर्तमान शहरों जिनमें नियन्त्रित क्षेत्र के व्यवस्थित गाँव भी शामिल हैं 3.5 लाख की जनसंख्या को संजोये हुए हैं । शेष बची 3.5 लाख की जनसंख्या को संजोने के लिये 3070 हैक्टेयर का एक क्षेत्र, 200 से 250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर की रिहायशी सघनता वाले रिहायशी क्षेत्रों के लिये, विकसित किये जाने हेतु प्रस्तावित है। अंचल

अर्थात 2,9,12,13,17,17क,18,20 से 21क, 22, 23 से 29 और 32 रिहायशी प्रयोजन के लिये निर्दिष्ट किये गये हैं । औद्योगिक क्षेत्र के साथ लगने वाले वर्तमान शहर तथा अंचल का घनत्व 250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर प्रस्तावित किया गया है।

(II) वाणिज्यिक

संभावित जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति की दृष्टि से अंचल संख्या 8, 12क, 16, 18, 19 में थोक तथा परचून बाजार के लिये अतिरिक्त क्षेत्र प्रस्तावित किये गये हैं। शहर के केन्द्र अंचल संख्या 16 तथा 19 में प्रस्तावित किया गया है । वाणिज्यिक उपयोग के लिये प्रस्तावित कुल क्षेत्र लगभग 300 हैक्टेयर के करीब होगा।

(III) औद्योगिक

1991-2001 दशक के उपलब्ध गणना आकड़े श्रमिकों की कुल संख्या 63,604 से 1,01,764 तक होने वाली वृद्धि को प्रकट करते हैं । जो लगभग 60 प्रतिशत की हुई वृद्धि को दर्शाते हैं। 1991 की गणना के अनुसार कुल श्रमिकों का लगभग 40 प्रतिशत ही औद्योगिक क्षेत्र के काम में लगा था। संभावित 1,78,084 श्रमिकों की क्रिया कार्यबल को संजोने के लिये 1406 हैक्टेयर का एक क्षेत्र 25 श्रमिक प्रति एकड़ के मानदण्ड से औद्योगिक उपयोग के विकास के लिये प्रस्तावित है। अंचल संख्या 1,3,4,5,7,8,8क,10,30 तथा 31 को औद्योगिक उपयोग के लिए प्रस्तावित किया गया है । शहरों के औद्योगिक विस्तार को मध्यनजर रखते हुए यह औद्योगिक अंचल यमुनानगर-कुरूक्षेत्र मार्ग , यमुनानगर-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और छछरौली रोड पर प्रस्तावित किये गये है।

(IV) परिवहन तथा संचार

प्रस्तावित परिवहन तन्त्र अधिसूचित मार्ग (वी-1) बाहरी परिधिय मार्ग (वी-2) और अंचल मार्ग (वी-3) को सम्मलित किय हुए है।

परिवहन तन्त्र

इस शहर की मौजूदा नगरीय सड़क पद्धति गलत है जो कि दुर्घटनाओं के लिय प्रणत है । शहर के अन्दर के यातायात को सुरक्षित, तीव्र करने के लिये यह योजना निम्न व्यवस्थाएं प्रस्तुत करती हैं:-

(क) बाहरी परिधिय मार्ग

यह मार्ग 60 मीटर की चौड़ाई वाला तथा दोनों तरफ 50 मीटर हरित पटटी के साथ प्रस्तावित है। यह करीब करीब सम्पूर्ण प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र के किनारे-किनारे पर है। यह पुराने जगाधरी-सहारनपुर मार्ग से चलेगा और यमुनानगर-सहारनपुर मार्ग (एन.एच 73) पर गॉव दुसानी के समीप समाप्त होगा। शहर के विभिन्न भागों से शुरू होने वाले यातायात जिनका गन्तवय स्थान इससे बाहर हो और शहर को बाई पास करने वाले यातायात इस बाहरी परिधिय मार्ग पर चलेगें ।

(ख) पुराने जगाधरी-सहारनपुर मार्ग का विकास

यातायात के प्रवाह को सुचारू बनाने के लिये पुराना जगाधरी-सहारनपुर मार्ग, यमुनानगर - सहारनपुर (एन.एच.73) मार्ग से गॉव कैतमण्डी से होकर गॉव कलानौर के पास जोड़े जाने के लिये प्रस्तावित किया गया है । केवल 6 किलोमीटर गॉव कैतमण्डी तक लगभग 165 फुट की चौड़ाई के साथ इस मार्ग का निर्माण सही रास्ते के लिये पर्याप्त है। इस समय यह मार्ग (एन.एच.73) मार्ग से गॉव कलानौर के पास एक गॉव मार्ग के द्वारा जुड़ा है । रेलवे फाटक के जगह एक भूमिगत रास्ता प्रदान किया गया है । मार्ग के इस टुकड़े के लिये जिसकी लम्बाई लगभग 3 किलोमीटर है प्रस्तावित मार्गों की 11 किलोमीटर की लम्बाई को एक समान रूप देने के लिये भूमि अधिग्रहित की जाएगी। मौजूदा बाई पास उपयुक्त एकान्तरण सुविधा से बदलने के लिये प्रस्तावित किया गया है । यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने के लिये भी प्रस्तावित है । अम्बाला, चण्डीगढ, पॉवंटा साहिब और जगाधरी से शुरू होने वाला तमाम यातायात जिनका गन्तवय स्थान सहारनपुर हो इस मार्ग पर चलेगें उसके द्वारा जगाधरी -यमुनानगर मार्ग का भार कम होगा जिसका गलत नाम बाईपास रोड है।

(ग) वर्तमान मार्ग

वर्तमान मार्ग इस समय अपनी मौजूदा चौड़ाई को बनाए रखे हुए, शहर को अम्बाला, नारायणगढ़ से होकर पंचकुला, पॉवंटा साहिब, कुरूक्षेत्र और सहारनपुर से जोड़ते हैं अधिसूचित मार्ग होने के कारण इनके दोनो तरफ 30 मीटर चौड़ी हरित पटटी प्रस्तावित की गई है सिवाए राष्ट्रीय राजमार्ग न. 73 जिसके दोनो तरफ 60 मीटर चौड़ी हरित पटटी प्रस्तावित की गई है ।

(घ) अंचल मार्ग

तमाम नगरीय क्षेत्र अंचल के रूप निर्दिष्ट भिन्न- भिन्न भूमि उपयोग क्षेत्रों में विभाजित करने के लिये प्रस्तावित है। प्रत्येक अंचल कम से कम (वी.3) जैसे 30 मीटर चौड़े मार्ग से सीमित करने के लिये प्रस्तावित है सिवाय सिटी सैन्टर के पूर्वी तथा पश्चिमी तरफ के मार्गों के जो कि 45 मीटर चौड़े हैं। सरावां को जाने वाला मौजूदा मार्ग भी अंचल मार्ग के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

(ङ) उपरी सेतू

रेलवे लाईन के दक्षिण तथा उत्तर की तरफ प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र को सुचारू रूप से जोड़ने के लिये यह आवश्यक है कि प्रस्तावित शहर की पश्चिमी तरफ प्रस्तावित बाहरी परिधिय मार्ग की क्रासिंग पर रेलवे लाईन के उपर से एक ऑवर ब्रिज (उपरी सेतू) का उपबंध किया जाए।

(च) पुल

यमुनानगर-सहारनपुर रोड़ में मिलने से पहले प्रस्तावित बाहरी परिधिय मार्ग के रास्ते में आने वाली पश्चिमी यमुना नहर और अन्य सिंचाई की नहरों के ऊपर से एक पुल प्रस्तावित है ।

(छ) यातायात नगर और यातायात डिपो

सैक्टर 6 और 33 में यातायात और संचार की सुविधाओं के समायोजित करने हेतू विशेष तौर पर 217.89 हैक्टेयर भूमि अंकित की गई है। इसके अतिरिक्त सैक्टर 2 और 11 में 42.11 हैक्टेयर भूमि यमुनानगर जगाधरी शहरों के अलग अलग यातायात नगर और पार्किंग क्षेत्रों के विकास के लिये अंकित की गई है । यातायात तथा संचार के लिये प्रस्तावित कुल क्षेत्र 360 हैक्टेयर है।

(V) जन उपयोगिताएं

122 हैक्टेयर का क्षेत्र जन उपयोगितायों के लिये अंकित किया गया है। जल आपूर्ति, संस्थापन, जल निकास व्यवस्था, मलवहन स्थान प्रयोज्य कार्यों और ग्रिड सब स्टेशन आदि की जरूरतों को पुरा करने के लिये सैक्टर 7 में मलवहन प्लांट, मलजल निपटान कार्य और गहरे ट्यूबवैलों पर आधारित जल कार्यों की प्रति पांच एकड़ के क्षेत्र में व्यवस्था की गई है। 220 किलोवाट का ग्रिड सब स्टेशन नगरीय सीमा से बाहर नियन्त्रित क्षेत्र में स्थित है और भविष्य में इसके फैलाव के लिये भी इसके चारों तरफ पर्याप्त भूमि उपलब्ध है । एक अन्य 220 किलोवाट सब स्टेशन रादौर रोड पर निर्माणाधीन है, तथापि 66 किलोवाट का सब स्टेशन जगाधरी की विधुत वितरण पद्वति को बल देने हेतु लगाया जाना आवश्यक है जो कि बिलासपुर रोड पर प्रस्तावित है।

(VI) सार्वजनिक तथा अर्ध सार्वजनिक

सैक्टर 17 में न्यायिक परिसर के साथ साथ प्रशासकीय खण्ड पहले से ही कार्य कर रहा है। सार्वजनिक तथा अर्ध सार्वजनिक कार्यालयों और संस्थानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये 350 हैक्टेयर का क्षेत्र सैक्टर 11 और 14 में अंकित किया गया है।

(VII) खुले स्थान

खुले स्थान किसी भी व्यवस्था की जीवन रेखा मानी जाती है। 476 हैक्टेयर का क्षेत्र पार्कों के रूप में खुले स्थान, खेल मैदान और मुख्य सड़कों के साथ हरित पटटी के रूप में अंकित किया गया है। यह प्रत्येक सैक्टर का लेऑउट प्लान तैयार करते समय खुले स्थान के अतिरिक्त प्रदान किया जाएगा। इस समय शहर में कोई शहरी पार्क मौजूद नहीं है । सैक्टर 18 में 35 एकड़ भूमि मुख्यतः इस उददेश्य के लिये अंकित की गई है । इसी प्रकार एक अन्य हरित क्षेत्र सैक्टर 25 में अंकित किया गया है।

(VIII) कृषि क्षेत्र

4411 हैक्टेयर के प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र से अलग शेष नियन्त्रित क्षेत्र कृषि क्षेत्र के लिये आरक्षित करने हेतू प्रस्तावित है। तथापि यह कृषि भूमि के रख रखाव तथा विकास के लिये इस क्षेत्र में सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजना तथा अन्य सहायक सुविधाओं की पूर्ति हेतु होने वाले भवन विकास जैसे कि मौजूदा गाँवों के विस्तार आदि से समाप्त नहीं हो सकता।

12. जोनिंग विनियम

भूमि उपयोग संबंधी प्रस्तावों को जोनिंग विनियम बनाकर वैध बनाया जा रहा है जो इस विकास योजना के भाग बनेंगे। ये विनियम भूमि उपयोग के परिवर्तन और विकास-मानकों के लिए लागू होंगे। इन विनियमों में विभिन्न मुख्य भूमि उपयोगों में अनुमत सम्बद्ध तथा सहायक उपयोगों का भी बहुत विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है और यह तय किया गया है कि भूमि उपयोग परिवर्तन तथा विकास, योजना में दिये गये ब्यौरे अनुसार होगा। इससे प्रत्येक सैक्टर का निर्दिष्ट विकास और उचित नियंत्रण करने हेतु विस्तृत सैक्टर योजनायें तैयार करना सुनिश्चित हो सकेगा।

अनुबन्ध ख

अंचल विनियम

ड्राईंग संख्या डी.टी.पी(वाई) 152/2003, दिनांक 10 मार्च, 2003 में दर्शाई गई यमुनानगर- जगाधरी के चारों तरफ के नियन्त्रित क्षेत्र में आने वाली भूमि का विनियमित उपयोग तथा विकास।

(I) सामान्यः

1. यमुनानगर-जगाधरी के इर्द गिर्द नियन्त्रित क्षेत्र की विकास योजना का भाग बनने वाले इन अंचल विनियमों को यमुनानगर-जगाधरी के नियंन्त्रित क्षेत्र के लिए विकास योजना के अंचल विनियम कहे जाएंगें।

2. ये विनियम विकास योजना में शामिल समूचे क्षेत्र के लिये आवश्यक होंगें और पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 कर 41) और उसके अधीन बनाये गये नियमों की आवश्यकता के अतिरिक्त होंगें।

(II) परिभाषायें

इन विनियमों मे;

(क) "अनुमोदित" से अभिप्राय है, नियमों के अधीन अनुमोदित;

(ख) "भवन नियमों" से अभिप्राय है, नियमों के भाग-VII में अर्न्तविष्ट नियम;

(ग) "ड्राइंग" से अभिप्राय है, ड्राइंग संख्या-डी.टी.पी.(वाई.)-152/2003, दिनांक 10 मार्च, 2003.

(घ) "फर्श श्रेत्र अनुपात (फ0क्षे0अनु0)" से अभिप्राय है, किसी भवन की सभी मंजिलों के कुल फर्श और स्थल के कुल क्षेत्र के बीच प्रतिशतता में दर्शाया गया अनुपात;

(ङ) "सामूहिक आवास" से अभिप्राय है, रिहायशी प्रयोजनों के लिए फलैट के रूप में डिजाईन किये गये भवन या किसी अनुषंगी अथवा सम्बद्व भवन होंगे जिनमें सामुदायिक सुविधायें, सार्वजनिक सुविधायें और जन उपयोगितायें शामिल है, जो निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा द्वारा निहित और अनुमोदित हों;

(च) "हल्के उधोग" से अभिप्राय है, ऐसे उधोग जिसके कारण हानिकारक या आपत्तिजनक शोर, धुआं, गैस, भाप या गन्धमय, धूल, वहि: स्त्राव और कोई अन्य अत्यधिक डिग्री का उपद्रव न हो और बिजली द्वारा चालित हों;

(छ) "स्थानीय सेवा उधोग" से अभिप्राय है, ऐसा उधोग जिसका विनिर्मित माल और उत्पादन प्राय: स्थानीय क्षेत्र के भीतर इस्तेमाल किया जाता हो, उदाहरणार्थ बेकरियां, आईसक्रीम, विनिर्माण, वातित जल, बिजली से चलने वाली आटे की चक्कियां, लौंड्री, ड्राईक्लीनिंग और रंगाई, स्वचालित गाडियों, स्कूटरों तथा साईकिलों की मुरम्मत तथा सर्विस, घरेलू बर्तनों की मुरम्मत, जूते बनाना और उनकी मुरम्मत, ईधन डिपो आदि बशर्ते कि उन द्वारा किसी ठोस ईधन का प्रयोग नहीं किया जाता है;

(ज) "मध्यम उधोग" से अभिप्राय है, हल्के उधोग तथा स्थानीय सेवा उधोग के अलावा सभी उधोग और जो आपत्तिजनक तथा हानिकारक भाप तथा गंधमय न फैलाते हों;

(झ) "व्यापक उधोग" से अभिप्राय है, ऐसा उधोग जो सरकार की अनुमति से स्थापित किया जाये और जो व्यापक हो, जिसमें 100 से अधिक कामगार नियुक्त हों तथा जिसमें ईधन चालित शक्ति का प्रयोग किया जाये बशर्ते कि इसमें किसी प्रकार से आपत्तिजनक तत्व न हो;

(ञ) "भारी उधोग" से अभिप्राय है, सरकार की अनुमति से सरकारी या अर्धसरकारी या निजी क्षेत्र में स्थापित किया गया उधोग (संयत्र मशीनरी इत्यादि की लागत जो सरकार की उधोग नीति में परिभाषित हो)

(ट) "हानिकारक या खतरनाक उधोग" से अभिप्राय है, सरकार की अनुमति से स्थापित किया गया उधोग और जिसमें अत्यधिक गहन पूंजी सम्बद्ध हो जिसमें अत्यधिक धुआं, शोर, स्पन्दन, दुर्गन्ध, अप्रिय या हानिकारक बहि: स्त्राव, विस्फोटक, ज्वलनशील सामग्री इत्यादि और समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अन्य खतरनाक तत्व शामिल न हों;

(ठ) "वास्तविक तिथि" से अभिप्राय है, विभिन्न नियन्त्रित क्षेत्रों तथा अतिरिक्त नियन्त्रित क्षेत्र की अधिसूचना की प्रकाशन की तिथि जो निम्न प्रकार घोषित की गई है :-

क्रम संख्या	नियन्त्रित क्षेत्र का नाम तथा अधिसूचना संख्या	वास्तविक तिथि
1.	28 मई, 1965 को प्रकाशित पंजाब राजपत्र अधिसूचना संख्या447-2 टी.सी.पी-65/6852 दिनांक 6 मार्च, 1965 द्वारा अधिसूचित नियन्त्रित क्षेत्र	28 मई, 1965
2.	प्रथम जुलाई, 1997 को प्रकाशित हरियाणा राजपत्र अधिसूचना संख्या सी.सी.पी./जे.सी.ए.-1/97/468 दिनांक 29 मई, 1997 द्वारा अधिसूचित नियन्त्रित क्षेत्र	प्रथम जुलाई, 1997

(ड) नियंत्रित क्षेत्र में किसी भूमि अथवा भवन के संबंध में "अननुरूप उपयोग" से अभिप्राय है, ऐसी भूमि अथवा भवन का वर्तमान उपयोग जो विकास योजना में क्षेत्र के उस भाग के लिए विनिर्दिष्ट मुख्य भूमि उपयोग के विपरीत हों;

(ढ) "सार्वजनिक उपयोगिता सेवा भवन" से अभिप्राय है, ऐसा भवन जो सार्वजनिक उपयोगिताओं के लिए अपेक्षित हो, जैसाकि जलआपूर्ति, जल निकास, बिजली, डाक तथा तार तथा परिवहन तथा दमकल केन्द्र सहित कोई नगरपालिका सेवाएं ;

(ण) "नियमों" से अभिप्राय है, पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम, 1965;

(त) "सैक्टर सघनता' और "कॉलोनी सघनता" से अभिप्राय है, उस सैक्टर क्षेत्र तथा कालोनी क्षेत्र में जैसी भी स्थिति हो, प्रति एकड व्यक्तियों की संख्या;

(थ) "सैक्टर क्षेत्र अथवा कॉलोनी क्षेत्र" से अभिप्राय है, सैक्टर या कॉलोनी का क्षेत्र जोकि मानचित्र पर दिखाये अनुसार मुख्य सडक प्रणाली से प्रतिबन्ध हो;

व्याख्या

(1) सैक्टर और कालोनी के मामले में कालोनी मे अनुमोदित अभिन्यास योजना पर कालोनी का क्षेत्रफल इसमें सैक्टर के चारों ओर मुख्य सडकों के अन्तर्गत आने वाली 50 प्रतिशत भूमि शामिल है और मुख्य सडक प्रणाली के अन्तर्गत आने वाली भूमि तथा सैक्टर या कालोनी में, जैसी भी स्थिति हो, भवन विकास के लिए अनुपयुक्त क्षेत्र शामिल नहीं है।

(2) 'सैक्टर सघनता' या 'कालोनी सघनता' की गणना के प्रयोजनार्थ यह परिकल्पित होगा कि सैक्टर क्षेत्र या कालोनी क्षेत्र का 55 प्रतिशत रिहायशी प्लाटों के लिए उपलब्ध होगा जिसमें सामूहिक आवास के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र शामिल होगा और प्रत्येक भवन प्लाट में औसतन तीन आवासीय इकाईयां होंगी अथवा प्रति आवासीय इकाई 4.5 व्यक्ति की जनसंख्या से या प्रत्येक भवन प्लाट में 13.5 व्यक्ति रह सकेंगे अथवा जो कि कालोनी / सामूहिक आवास काम्पलैक्स की अंचल योजना में समाविष्ट है। तथापि दुकान एवं रिहायशी प्लाट के मामले में केवल एक आवासीय इकाई की परिकल्पना की जायेगी।

(द) "स्थल आच्छादन" से अभिप्राय है, भवन के भूतल के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र और स्थल क्षेत्र के बीच प्रतिशतता द्वारा दर्शाया गया अनुपात;

(ध) "अधिनियम", "कालोनी", "उप-निवेशक", "विकास योजना", और "सैक्टर योजना" शब्दों का वही अर्थ होगा जो पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का अधिनियम 41) और नियम, 1965 में उनको दिया गया है;

(न) "फार्म गृह" से अभिप्राय है, किसी फार्म के स्वामी द्वारा अपनी भूमि पर निम्नलिखित प्रयोजनार्थ निर्मित घर है :-

(i) आवासीय ईकाई अर्थात मुख्य उपयोग; तथा

(ii) फार्म शैड छायाबान अर्थात् अनुषंगी उपयोग।

टिप्पणियां

(1) फार्म गृह का निर्माण "ग्रामीण/कृषि अंचल में आबादी देह से बाहर फार्म गृहों की व्यवस्था" संबंधी खण्ड के अधीन दिये गये प्रतिबन्ध द्वारा शासित होगा;

(2) फार्म शैड, " भवन नियंत्रण और स्थल विशिष्टियाँ" संबंधी खंड में उल्लिखित प्रतिबन्धों द्वारा शासित होंगें।

(प) "पुश्तवान या टांड" से अभिप्राय है, स्वयं कमरे के अन्दर खम्भे के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से समर्थित एक खाने जैसा उभार, परन्तु जिसका उभार एक मीटर से अधिक चौडा न हो;

(फ) "अटारी" से अभिप्राय है, सामान्य फर्श से ऊपर अधिकतम 1.5 मीटर की ऊँचाई ढलुआ छत में शेष बचे स्थान पर मध्यवर्ती फर्श तथा जो भंडारण प्रयोजन हेतु निर्मित करवाई जाती है अथवा अपना ली जाती है;

(ब) "परछती तल" से अभिप्राय है, भूतल के ऊपर मध्यवर्ती तल जिसमें परछती उस तल के क्षेत्रफल का 1/3 तक सीमित होती है तथा जिसमें भूमि की सतह से ऊपर कम से कम 2.2 मीटर ऊँचाई हो;

(भ) "कृषि उपयोग साधन" से अभिप्राय होगा, ऐसा विकास तथा गतिविधियां, जो 'कृषि' सम्बन्धी कार्यवाही को करने में सहायक रूप में अपेक्षित है, जैसे कि नलकूप, पम्प, चैम्बर, वायु चक्की, सिंचाई, नाले, पक्के प्लेटफार्म, बाढ लगाना तथा चारदीवारी बनाना, जल नलके आदि;

(म) "ग्रामीण उधोग " से अभिप्राय है, एक ऐसी औधोगिक इकाई जो उधोग विभाग द्वारा ग्रामीण उधोग स्कीम के अधीन पंजीकृत हो;

(य) "लघु उधोग" से अभिप्राय है, औधोगिक इकाई जो उधोग विभाग द्वारा लधु उधोग के रूप में पंजीकृत हो;

(य क) "कृषि आधारित उधोग" से अभिप्राय है, औधोगिक इकाई, जो खाधान्न, फलों या कृषि कचरे का उपयोग कच्चे माल के रूप में करता है;

(य ख) अन्य शब्दों का वही अर्थ होगा, जो पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 में है;

(य ग) "सूचना प्रौधोगिक औधोगिक इकाई" से अभिप्राय है, हरियाणा सरकार सूचना प्रौधोगिकी नीति, 2000 के अनुबन्ध में शामिल उधोगों की श्रेणी तथा इस अधिसूचना के अनुबन्ध-1 में तथा/अथवा जो हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर परिभाषित किया जाये;

(य घ) "साईवर पार्क/सूचना प्रौधोगिकी पार्क" से अभिप्राय है, वह क्षेत्र जो अनन्य साफटवेयर विकास सम्बन्धी क्रियाक्लापों तथा सूचना प्रौधोगिकी समर्थ सेवाओं के लिए विकसित हों, इसमें किसी भी प्रकार के विनिर्माण (असैम्बलिंग क्रियाक्लापों सहित) की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

(य ङ) "साईबर सिटी" से अभिप्राय है, परिपूर्ण शहर जिनमें मूलभूत ढांचा अति उच्चत्तम गुणवता का हो, उत्तम परिस्थिति तथा अति गति की संचार प्रणाली के पहुंच साफटवेयर कम्पनियां/सूचना प्रौधोगिकी समर्थ सेवाओं की कम्पनियां अंकुरित हों जिसमें उत्पादन करने वाली इकाईयों को अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

III मुख्य भूमि उपयोग/अंचल

(1) (i) रिहायशी अंचल ;
(ii) वाणिज्यिक अंचल ;
(iii) औधोगिक अंचल ;
(iv) परिवहन तथा संचार अंचल ;
(v) जन उपयोगिता अंचल ;
(vi) सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक उपयोग (संस्थागत अंचल) ;
(vii) सार्वजनिक खुले स्थान ; तथा
(viii) कृषि अंचल

(2) मुख्य भूमि का वर्गीकरण 'परिशिष्ट क' के अनुसार होगा।

IV सैक्टरों मे विभाजन

उपर्युक्त विनियमन- **III** में क्रमां संख्या-(i) से (vii) पर वर्णित मुख्य भूमि उपयोग, जो भवन परियोजनार्थ भूमि उपयोग है, उन्हें दर्शाये अनुसार सैक्टरों में विभाजित किया गया है,स्पष्ट रूप से दर्शाये गये मुख्य सडकों के आरक्षण द्वारा हदबन्दी की हुई है और प्रत्येक सैक्टर को ड्राईंग में दिखाये अनुसार एक संख्या द्वारा दिखाया जायेगा ।

V मुख्य उपयोगों में भूमि उपयोग संबंधी ब्यौरे

मुख्य, सहायक तथा सम्बद्ध उपयोग के लिए इन विनियमों को तथा नियमों को अन्य उपेक्षाओं के अध्यर्धान संबधित मुख्य भूमि उपयोग अंचल में अनुमति दी जा सकती है, जो इन विनियमों के साथ जोडे गये परिशिष्ट ख में सूचीबद्ध है ।

VI विकास के लिए अपूर्ण विकसित सैक्टर

भवन परियोजनार्थ संबद्ध भूमि उपयोग के लिए विभिन्न सैक्टरों का आरक्षण होते हुए भी निदेशक, नियंत्रित क्षेत्र के सघन तथा किफायती विकास के दृष्टिगत उनके भूमि उपयोग में किसी प्रकार के परिवर्तन के लिए अनुज्ञात अथवा उस पर किसी भवन के निर्माण के लिए अनुमति तब तक नहीं देगा जब तक इन सैक्टरों के लिए जल सप्लाई, जल मल निकास व्यवस्था तथा अन्य सुविधायें, उसकी तसल्ली तक सुनिश्चित रूप में उपलब्ध नहीं हो जाती।

VII केवल सरकारी उधमों के माध्यम से विकसित किये जाने वाले सैक्टर

(1) वाणिज्यिक जोन तथा संस्थागत अंचल के लिए आरक्षित सैक्टरों में भूमि उपयोग तथा विकास का परिवर्तन केवल सरकार अथवा सरकारी उपक्रम अथवा इस संबंध में सरकार द्वारा अनुमोदित सरकारी प्राधिकरण के माध्यम से किया जायेगा और इन सैक्टरों में किसी कालोनी के विकास की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) उपर्युक्त खण्ड (1) के उपबंध के अलावा भी सरकार किसी भी समय केवल स्वयं या उपर्युक्त वर्णित किन्हीं एजेंसियों द्वारा विकास हेतु किसी अन्य सैक्टर को आरक्षित कर सकती है।

VIII मुख्य सडकों के लिए भूमि आरक्षण

क्रम संख्या	वर्गीकरण	नाम	ब्यौरे
1-	वी-1	राष्ट्रीय उच्चमार्ग-73	नगर पालिका की सीमाओं में वर्तमान चौडाई और कम से कम 30 मीटर चौडी सड़क नियंत्रित क्षेत्र के अन्दर व बाहर दोंनों तरफ 50 मीटर चौड़ी हरित पटटी के साथ
2-	वी-2 (क)	अधिसूचित सड़कें	नगर पालिका की सीमाओं में वर्तमान चौडाई और कम से कम 30 मीटर चौडी सड़क नियंत्रित क्षेत्र के अन्दर व बाहर दोंनों तरफ 30 मीटर चौड़ी हरित पटटी के साथ
	वी-2 (ख)	बाई पास	60 मीटर चौड़ाई दोनों तरफ 100 मीटर चौड़ी हरित पटटी के साथ
3-	वी-3 (क)	सैक्टर परिधिय सड़कें	45 मीटर चौड़ी
	वी-3 (ख)	सैक्टर परिधिय सड़कें	30 मीटर चौड़ी

(2) अन्य सडकों की चौडाई और सीधाई सैक्टर प्लान के अनुसार अथवा कालोनियों की अनुमादित अभिविन्यास योजना के अनुसार होगी।

IX औधोगिक अननुरूप उपयोग

विकास योजना में औधोगिक जोन से भिन्न जोन में दिखाये गये वर्तमान उधोगों के संबंध में निदेशक द्वारा निर्धारित की जाने वाली नियत अवधि के लिए ऐसे औधोगिक अननुरूप उपयोग जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है। किन्तु ये अवधि दस वर्ष से अधिक नहीं होगी बशर्ते कि सम्बद्ध उधोग स्वामी:

(क) उस स्थल को निदेशक द्वारा निर्धारित बाहय विकास के लिए निर्धारित अनुपातिक प्रभारों को देने का वचन देता है जब उसे इस निमित्त ऐसा करने के लिए निदेशक द्वारा कहा जायेगा ;

(ख) अंतरिम अवधि के दौरान निदेशक की संतुष्टि के अनुसार मल निकास के लिए संतोषजनक व्यवस्था करें ; तथा

(ग) अननुरूप उपयोग के क्षेत्र में आगे किसी प्रकार के विस्तार की अनुमति नहीं होगी।

X अननुरूप उपयोग बन्द करना

(1) यदि किसी भूमि का अननुरूप उपयोग दो वर्ष या इसे अधिक अवधि के लिए लगातार बन्द रहा हो तो उसे समाप्त हुआ समझा जायेगा और अनुमत उपयोग के अनुसार ही भूमि के पुन: उपयोग या पुन:विकास की अनुमति दी जायेगी।

(2) यदि अननुरूप उपयोग भवन, आग, बाढ, विस्फोट, भूकम्प, लडाई, दंगा या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा से पुन: उत्पादन मूल्य के 50 प्रतिशत या इससे अधिक क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उसे केवल अनुरूप उपयोग के लिए पुन: विकसित करने की अनुमति दी जायेगी।

(3) खण्ड IX के अन्तर्गत नियत अवधि के समाप्त होने के बाद ऐसी भूमि केवल अनुमत उपयोग के लिए पुन: विकसित करने या उपयोग में लाने की अनुमति दी जायेगी।

XI सैक्टर योजना और आंचलिक योजना के अनुरूप विकास

विनियम- IX में यथा उपबन्धित को छोडकर कोई मुख्य भूमि उपयोग जिसमें भूमि विधमान है, को भवन निर्माण परियोजनार्थ उपयोग और विकसित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि प्रस्तावित उपयोग और विकास, सैक्टर योजना और आंचलिक योजना अथवा अनुमोदित कालोनी योजना में दिखाये गये ब्यौरे के अनुसार न हो जिसमें भूमि स्थित है ।

XII अनुमोदित अभिविन्यास या आंचलिक योजना का भाग बनने वाले विशिष्ट स्थल

प्लाट पर निर्माण या पुन:निर्माण या भवन की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि-

i प्लाट का रूप अनुमोदित कालोनी का भाग न हो या प्लाट ऐसे क्षेत्र में न हो, जिसके लिए विनियम XVII में उपबन्धित अनुसार छूट दी गई है; तथा

ii निदेशक की संतुष्टि अनुसार प्लाट तक सडक की व्यवस्था हो तथा प्लाट की स्थल तक सडक बनी हों

XIII विभिन्न प्रकार के भवनों के प्लाटों का न्यूनतम आकार

(1) विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए प्लाटों के न्यूनतम आकार निम्न अनुसार होंगें:-

(i)	रिहायशी प्लाट	50 वर्ग मीटर
(ii)	सरकार द्वारा अनुमोदित आर्थिक सहायता प्राप्त औधोगिक आवास या गन्दी बस्तियों में रहने वालों के लिए आवास स्कीम में रिहायशी प्लाट	35 वर्ग मीटर
(iii)	दुकान एवं रिहायशी प्लाट	100 वर्ग मीटर
(iv)	शापिंग बूथ जिनमें सामने बरामदा या पत्थर व ईंट का पैदल मार्ग शामिल हो	20 वर्ग मीटर
(v)	स्थानीय सेवा उधोग प्लाट	100 वर्ग मीटर
(vi)	हल्के उधोग प्लाट	250 वर्ग मीटर
(vii)	मध्यम उधोग प्लाट	8000 वर्ग मीटर

2 सामूहिक आवास स्कीम के अन्तर्गत न्यूनतम क्षेत्र 5 एकड होगा, यदि वह लाईसैंस प्राप्त कालोनी का भाग है, यदि यह स्वतंत्र रूप से विकसित किया जाता है, 10 एकड होगा।

XIV विभिन्न प्रकार के भवनों के अन्तर्गत भवन का आच्छादित क्षेत्र, ऊँचाई और आयतन

स्वतंत्र रिहायशी और औधोगिक प्लाट पर बनाये जाने वाले भवनों का आच्छादित क्षेत्र और ऊँचाई नियमों के अध्याय VII में अर्न्तविष्ट उपबन्धों के अनुसार होगी। अन्य प्रवर्गो के मामले में विनियम (xvi) के अन्तर्गत लगाये जाने वाले वास्तुकला नियन्त्रण के अध्यधीन अधिकतम निर्मित क्षेत्र और फर्श क्षेत्र अनुपात निम्नानुसार होगा:-

क्रम संख्या	उपयोगिता किस्म	भूमितल मन्जिल का अधिकतम निर्मित क्षेत्र	न्यूनतम फर्श क्षेत्रफल अनुपात	विशेष कथन
1	समूहिक आवास	35 प्रतिशत	175	.....
2	सरकारी कार्यालय	25 प्रतिशत	150	....
3	वाणिज्यिक (क) एकीकृत निगम (ख) व्यक्तिगत	40 प्रतिशत 100 प्रतिशत	150 300	सैक्टर के कुल प्लाट क्षेत्र का हिसाब लगाते समय वाणिज्यिक क्षेत्र के कुल क्षेत्र को प्लाट योग्य क्षेत्र के रूप में समझा जाना है। सैक्टर के कुल प्लाट क्षेत्र की गणना के लिए उस वाणिज्यिक क्षेत्र के कुल प्लाट का जिसमें यह योजना बनाई गई है, केवल 35 प्रतिशत क्षेत्र प्लाट योग्य क्षेत्र के रूप में समझा जाये।
4	भंडार घर	75 प्रतिशत	150	.....

ध्यान देने योग्य:-

भूगत तल आंचलिक योजना में अनुमोदित अनुसार अनुज्ञात होगा। भूगर्त तल भण्डारण प्रयोजन के लिए उपयोग किया जायेगा।

XV भवनों की अगली और पिछली भुजा की ओर भवन पंक्ति

ये पंजाब अनुसूचित सडक तथा नियन्त्रित क्षेत्र अधिनियम विकास निर्वन्धन नियम, 1965 के नियम संख्या 51, 52 तथा 53 के अनुसार उपबन्धित होंगें।

XVI वास्तुकला संबंधी नियंत्रण

प्रत्येक भवन नियम 50 के अन्तर्गत बनाये वास्तुकला नियंत्रण के अनुरूप होगा, पंजाब अनुसूचित सडक तथा अनियन्त्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम, 1965 के अनुसार होगा, यदि लागू है।

XVII कृषि अंचल में भूमि उपयोग में ढील

कृषि अंचल में पडी किसी भूमि के मामले मे सरकार इस विकास योजना के उपबन्धों में निम्नलिखित हेतु ढील दे सकती है:-

(क) आवासीय अथवा औद्योगिक उपनिवेश में भूमि के उपयोग तथा विकास के लिए बशर्ते कि उपनिवेशक ने यह भूमि वास्तविक तिथि से पहले उक्त उपयोग तथा विकास के लिए खरीदी हो और उपनिवेशक नियमानुसार इस प्रयोजन के लिए अनुमति प्राप्त करता है।

(ख) व्यक्तिगत स्थल के रूप में भूमि के उपयोग के लिए (औद्योगिक कालोनी से भिन्न)

बशर्ते कि:-

(i) वास्तविक तिथि से पूर्व भूमि खरीदी गई थी ;

(ii) सरकार को इस बात से संतुष्टि है कि उद्योग की आवश्यकता इस प्रकार की है कि उपयुक्त अंचल में वैकल्पिक स्थल के आबंटन की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती;

(iii) भू-स्वामी, नियमों के अन्तर्गत यथा आपेक्षित भवन निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त करता है ; तथा

(iv) भू-स्वामी, निदेशक द्वारा निर्धारित अनुपातिक प्रभार जब कभी निदेशक द्वारा इस निमित्त मांग की जाये, अदा करने की प्रतिज्ञा करता है और अंतरिम अवधि में मल निकास की संतोषजनक व्यवस्था करता है।

व्याख्या:-इस विनियम के 'क्रय' (खरीद)' शब्द के अभिप्राय है पूर्ण स्वामित्व अधिकारों को प्राप्त करना है तथा न कि पटटानामा या क्रय हेतु इकरारनामा आदि।

XVIII सघनता

प्रत्येक आवासीय सैक्टर इसके लिए सैक्टर में दर्शाया तथा विहित सैक्टर सघनता के अनुसार विकसित किया जायेगा बशर्ते कि सैक्टर की विहित सघनता में किसी भी ओर अधिक से अधिक 20 प्रतिशत की विभिन्नता की अनुमति होगी

XIX कृषि जोन में आबादी देह के बाहर फार्म हाउस की व्यवस्था :

ग्रामीण जोन के आबादी देह के बाहर फार्म हाउस की अनुमति निम्नलिखित शर्तो पर दी जाये :-

